हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 18 अगस्त 2025



06 रानी अवंतिका बाई लोधी की जयंती पर निकला ...



07 भविष्य की पीढ़िया इस विभाजन की भारी मानवीय...



### स्वतंत्रता दिवस पर कक्का इंटरनेशनल स्कूल में हुआ प्रवचन का कार्यक्रम

# भारत की संस्कृति के आधार पर देश की स्वतंत्रता को बरकरार रखा जा सकता है: विवर्धन सागर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हमारा सबका सौभाग्य है कि हमारा इस भारत भूमि पर जन्म हुआ है। हमारे देश के संविधान में जो पंचशील के आदर्श रखे गए हैं उन्हीं को अमल करते हुए भारत की महान संस्कृति को अपनाकर देश की स्वतंत्रता को बरकरार रखा जा सकता है। टीचर का आचरण बेस्ट होता है तो विद्यार्थी भी अच्छा आचरण करता है। आचरण के कारण से राम की आज भी पूजा की जाती है। गुरु के सम्मान का हमेशा ध्यान रखें। मोबाइल का कम से कम उपयोग करें।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कक्का इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम के दौरान मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज एवं मुनि विश्व नायक सागर महाराज द्वारा यहां बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकी 15 अगस्त एक ऐसा पवित्र दिन है, जिसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। आज हम आजादी का जश्न मना रहे हैं, इस जश्न की कितनी कीमत हमारे देश को चुकानी पड़ी है। 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी आजादी अभी अधूरी है। स्वतंत्रता किस कीमत पर हमें मिली है, अमूल्य है यह स्वतंत्रता। भारत को आजादी सहज ही नहीं मिली इसके लिए जहां कई वीर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी गई। तब जाकर हम आजादी का यह जश्न मना रहे हैं। मुनिश्री ने कहाकि राष्ट्र की रक्षा में ही धर्म और समाज की सुरक्षा है, इसीलिए धर्म के नाम पर विवाद बंद कर राष्ट्रभक्ति में जुड़े। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु (मुनिश्री) ने, लौकिक गुरु (शिक्षक) को अपना आचरण बेस्ट करने हेतु प्रेरित किया तथा कहाकि आचरण की विशेषता ही उन्हें पूज्यनीय बनाती है। उन्होंने श्री राम, हनुमानजी, गांधीजी आदि महापुरुषों के उदाहरण भी दिए तथा बताया कि गांधीजी के विदेश गमन के दौरान उनकी माताजी द्वारा उन्हें तीन नियम दिलवाए गए कि वहां मांस, मदिरा व पर स्त्री का त्याग करेंगे।

मुनिश्री ने उपस्थित महिला पुरुषों के साथ बालक बालिकाओं को मांस मदिरा तंबाकू के सेवन से बचने हेतु नियम दिलवाये गए। मांस मदिरा पान से जीव हिंसा में हम भी भागीदार होते हैं। मुनिश्री ने इस अवसर पर अहिंसा, शाकाहार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए कहा कि जैसा खावे अन्न वैसा होवे मन,हमारा मन पवित्र बनाने के लिए अच्छा भोजन करे।मांसाहारी भोजन न करे।शराब,तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट का सेवन नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर और प्राचार्य द्वारा मुनिश्री संघ की अगवानी करते हुए मंगल मय आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनिश्री द्वारा भी उन्हें धार्मिक साहित्य भेंट किया गया।

## वचनों में तो देशभक्ति झलकती है, लेकिन विचारों से समाप्त होती जा रही है : रत्ननिधि

### जैन आराधना भवन में स्वतंत्रता दिवस पर हुए प्रवचन




**नलखेड़ा**। भारत को स्वतंत्र हुए 78 वर्ष बीत गए और हम स्वतंत्रता की 79 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद हमारे दिलों में राष्ट्र के प्रति कितना प्रेम है इस पर विचार करना चाहिए। हमारे वचनों में तो देशभक्ति झलकती है, लेकिन विचारों से समाप्त होती जा रही है। दीवारों पर तो देशभक्ति की बातें लिखी रहती हैं लेकिन दिलों में से देशभक्ति लुप्त होती जा रही है। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास के लिए विराजित रत्ननिधि म.सा., पुण्यनिधि म.सा. ने आजादी की वर्षगांठ पर जैन आराधना भवन में विशेष प्रवचन के दौरान समाजजनों के समक्ष यहां बात कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व हमें यहां प्रेरणा दे रहा है कि ब्रह्या स्वतंत्रता तो एक व्यवस्था है, हमें अंत्तर की स्वतंत्रता को प्राप्त करना है। हमारे भीतर में जब यहां शब्द आता है स्वतंत्रता, तो जीवन में नया उल्लास आता है। साध्वीजी ने कहाकि बच्चे भारत के भावी रत्न है, सही शिक्षा व संस्कार यदि बच्चों को नहीं मिलेंगे तो उनके मन में राष्ट्र के प्रति प्रेम व भक्ति जागृत नहीं होगी। हमारे बच्चों को हम कान्वेंट स्कूल में पढ़ा रहे हैं जहां भारत की संस्कृति और संस्कारों से उन्हें दूर रखा जा रहा है। इन कॉन्वेंट स्कूलों में संस्कृति को देश की शक्ति को समाप्त किया जा रहा है। हमारे महापुरुषों की जय नाद इन स्कूलों में नहीं होती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का यहां कर्तव्य है कि वहां देश के प्रति जागृत रहते हुए इस देश व देशवासियों के प्रति प्रीति दिखाते हुए अपनी राष्ट्रभक्ति का परिचय दें। देश के भावी रत्नों को सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व एवं कर्तव्य है। यदि देश सुरक्षित रहेगा तो यह राष्ट्र सुरक्षित रहेगा।\ साध्वीजी ने कहाकि राष्ट्रीय ध्वज में तीन रंग होते हैं। सबसे ऊपर केसरिया रंग है जो त्याग व शोर्य का प्रतीक है। दूसरे नंबर पर सफेद रंग है जो सत्य व शांति का संदेश देता है। जिन्हें अधिक क्रोध आता है वहां श्वेत वस्त्र धारण करता है तो श्वेत रंग में वह शक्ति व ताकत है की वहां क्रोध को शांत कर सकता है। तीसरे नंबर पर हरा रंग होता है जो आस्था एवं विश्वास का संदेश हमें देता है कि हमें देश के प्रति अपनी राष्ट्रभक्ति को जागृत करना है। परिश्रम करने वाला ही श्रमण बन सकता है।

### शिकायत दर्ज कराई

## नगर परिषद के राजस्व अधिकारी के साथ ऑनलाइन ठगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

साइबर अपराध रोकने के लिए सरकार कितने ही कदम उठा रही है। नागरिकों को मोबाइल तथा अन्य माध्यमों से जागरूक भी किया जा रहा है। लेकिन साइबर ठग उससे भी आगे होकर आए दिन नागरिकों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर परिषद नलखेड़ा के राजस्व अधिकारी के साथ उस वक्त घटित हुआ जब वह जिला कलेक्टर कार्यालय में एक मीटिंग में बैठे हुए थे उसी समय एक मैसेज आया तथा उनके खाते से 16 हजार से अधिक की राशि अज्ञात बदमाशों ने ऑनलाइन ठगी करते हुए निकाल ली। नगर परिषद के राजस्व अधिकारी बाबूसिंह राजपूत ने बताया कि गत 12 अगस्त को जब वह आगर कलेक्टर कार्यालय में मीटिंग में थे। यह ठगी समय शाम को 4:48 पर हुई जिसमे मेरे एयरटेल पेमेंट बैंक खाते से 16600 की राशि ईस्वर्ण मुथूट नामक कंपनी को गए। उन्होंने बताया कि निकाली गई राशि की जानकारी उन्हें कल शाम को हुई जब एयरटेल पेमेंट बैंक से कुछ राशि अपने बेटे शिवम सिंह राजपूत को भेजनी चाही तब मुझे ज्ञात हुआ की मेरे खाते से 12 अगस्त को 4:48 पर राशि ईस्वर्ण को प्रेषित की गई। उन्होंने बताया कि यह घटना शायद मेरे द्वारा एक लिंक पर क्लिक करने से शुरू हुई, जो की एक ग्रुप पर सम्मान निधि के नाम से आई थी जिससे की मेरे फोन का अधिकार उपर्युक्त लिखे नंबर पर गया। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में उपरोक्त मामले की जांच करवाकर दोषी को गिरफ़्तार करने तथा मेरे खातों एवं मेरी जानकारी को सुरक्षित किए जाने की मांग भी की गई।

## शांति समिति की बैठक का किया आयोजन



**नलखेड़ा**। सोमवार को नगर में निकाली जाने वाली शाही सवारी, मुस्लिम समाज के चालीसवें को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। जिसने अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकार गण मौजूद रहे। रविवार दोपहर 4 बजे पुलिस थाना परिसर पर सोमवार को नगर में निकाली जाने वाली गुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी व मुस्लिम समाज के चालीसवां को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सवारी रूट के साथ नगर में निकाली जाने वाली शाही सवारी की तैयारियों को साझा कर व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी नागेश यादव, विहिप जिला अध्यक्ष किशोर बैरागी, मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कमल यादव ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी,तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा,सचिव दिलीप खंडेलवाल, पत्रकार रोहित सकलेचा, पप्पू मकवाना, ऋषि सकलेचा, इलियास खान, मुस्लिम नगर सदर जलील खां, देवेंद्र गुप्ता, मोहन नागर रितेश सोनी, गोर्वधन वेदिया, पुरूषोतम पालीवाल, गिरिराज मौर्य आदि मौजूद रहे।

## यादव समाज ने धूमधाम से निकाली भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा



**भैरूंदा**। जिले सहित शहरभर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर यादव( अहीर )समाज द्वारा भी भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा बैंड, बाजे, ढोल, साथ निकाली गई। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। चल समारोह में शामिल लोग खूब नाचते हुए आगे-आगे चल रहे थे। बड़ी संख्या में शामिल मातृशक्तिया ,युवाओं सहित नगरवासियों इस यात्रा में शामिल थे। इससे पहले यादव समाज संगठन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या लोग भारती विद्या मन्दिर स्कूल में एकत्रित हुए। और श्री कृष्ण भगवान की पूजा - अर्चना कर आरती उतारी प्रसादी वितरण की।

भारती विद्या मन्दिर स्कूल से दोपहर 1बजे चल समारोह शुरू हुआ जो कि नगर के मुख्य मार्गों सीहोर नाका, रॉयल मार्केट जेपी मार्केट, दुर्गा मन्दिर चौक, बस स्टैंड से होते हुए कृषि संगोष्ठी भवन पहुंचा। इस दौरान नगरवासियों ने जगह जगह चल समारोह पर फूल बरसाकर स्वागत किया, वही भाजपा , कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने भी शोभायात्रा में शामिल लोगों पर फूलों की वर्षाकर स्वागत किया। कृषि संगोष्ठी भवन में कार्यक्रम समापन हुआ। इस दौरान महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। वहीं शोभायात्रा में झाकियां प्रदर्शित करने पर उन्हें पुरुस्कार देकर सम्मान किया गया। इसमें समाज जन व नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

**हर्षोल्लास के साथ मनाया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव :** भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव जन्माष्टमी का त्योहार शनिवार को नगर सहित क्षेत्रवासिंयो ने बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। यादव समाज द्वारा भगवान कृष्ण का चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से ढोल धमाके एवं डीजे के साथ निकाला गया। चल समारोह के दौरा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

### विजेता को आयोजन समिति ने पुरस्कार प्रदान किया

## सरदार पटेल चौराहे पर मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शनिवार को जन्माष्टमी पर्व पर स्थानीय सरदार पटेल चौराहे पर साईनाथ धर्मोत्सव समिति द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें नारियल फेंक कर मटकी फोड़ का आयोजन किया गया था जिसमें विजेता को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। मटकी फोड़ के इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा भाग लिया गया।




### गणेश चौराहे पर भी हुआ मटकी फोड़ का कार्यक्रम

**नलखेड़ा**। नगर के गणेश चौराहे पर जन्माष्टमी पर्व पर मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें आयोजक समिति सहित नगर के नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया गया। शनिवार जन्माष्टमी पर्व पर स्थानीय गणेश चौराहे पर गणेश चौराहा मित्र मंडल द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा भाग लिया गया। नगर के गणेश चौराहे पर जन्माष्टमी पर्व पर संध्या के समय आयोजन समिति गणेश चौराहे मित्र मंडल द्वारा नारियल फेंक कर मटकी फोड़ का आयोजन किया गया था जिसमें विजेता को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

### 'पूर्व पीएम अटलजी और कुशाभाऊ ठाकरे का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत'

**सीहोर**। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शनिवार को भाजपा के पितृ पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि एवं संगठन निर्माता कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मंत्री प्रितेश राठौर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके पश्चात दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि,"अटल वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, जनकल्याण और आदर्श राजनीति का प्रतीक रहा है। उन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का साधन न मानकर सेवा का माध्यम बनाया।

### छात्रों ने भगवान कृष्ण के भजनों पर डांस किया व आकर्षक गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी

# नेताजी सुभाष स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व






हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक रमेशचंद्र राठौर थे। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक रामचंद्र वर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में दिनेश बैरागी, भगवानसिंह पंवार, कमलेश सोनी उपस्थित थे।कार्यक्रम का आरंभ भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व आरती के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य राधेश्याम बरेठा, कार्यालय प्रमुख ज्योति शर्मा व अतिथियों द्वारा राधा, कृष्ण बनकर आए नन्हे-मुन्ने छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया व उनकी आरती उतारी। प्राइमरी सेक्शन के छात्रों के लिए राधा, कृष्ण बनो प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें लगभग 70 छात्र राधा, कृष्ण, यशोदा बनकर आकर्षक वेशभूषा के साथ शामिल हुए। राधाकृष्ण बने छात्रों ने भगवान कृष्ण के भजनों पर जमकर डांस किया व आकर्षक गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त छात्रों को अतिथियों द्वारा आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। वहीं मुख्य अतिथि राठौर ने विद्यालय के समस्त छात्रों को अपनी ओर से स्वल्पाहार कराने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रगणेश दुबे, राजेश बीजापारी, दीपक सेन, अर्जुन झलाया, अर्जुन राठौर, मनीष विश्वकर्मा,लता पाठक, सपना कारपेंटर, धारणा जैन व समस्त स्टॉफ, पालकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नंद उत्सव मनाया गया, भक्तों ने मनाई खुशियां





**नलखेड़ा**। कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन रविवार को नगर के श्रीनाथ धाम मंदिर व अन्य राधाकृष्ण मंदिरों में नंद उत्सव मनाया गया। रविवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध पुष्टिमार्गीय मंदिर श्रीनाथ धाम मंदिर, चौथमल जी के मंदिर, स्वर्णकार मंदिर सहित कई मंदिरों में नंद उत्सव मनाया गया। भगवान के जन्म पर भक्तों द्वारा जमकर खुशियां मनाई गई। ढोलक की थाप पर भजनों की प्रस्तुति के साथ नृत्य किए गए। भगवान को पालने में झुलाया गया। इसके लिए पालने को ताजा फूलों से श्रंगारित किया गया था। इस दौरान भक्तों द्वारा जमकर माखन मिश्री लुटाया गया। नंद उत्सव में शामिल सभी भक्तों के मस्तक पर केसर कुमकुम के तिलक लगाएं गए। कई घरों में भी रविवार को भगवान को पालने में झूला कर नंद उत्सव मनाया गया एवं माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। तहसील के बड़ागांव स्थित श्रीनाथ जी की हवेली में भी रविवार को धूमधाम से नंद उत्सव मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### घायल व मृत अवस्था में मिले गौवंश



**देवास।** श्री राजपूत करणी सेना द्वारा जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह खटाम्बा ने बताया कि हमें सूचना प्राप्त हुई कि जॉन डियर कंपनी के सामने रोड से 250 मीटर दूर सुनसान जगह पर अज्ञात वाहन से अज्ञात लोगो द्वारा 5 केडे मृतक अवस्था में व 3 केड़े घायल अवस्था में छोड़े गए। जानकारी लगते ही श्री राजपूत करणी सेना व हिन्दू संगठन पहुंचे। सूचना मिलने पर टी आई भी मौके पर पहुंचे तथा डॉक्टरों की टीम बुला कर घायल गौ वंश का उपचार करवाया गया। उपचार के बाद उन्हें नगर निगम की टीम द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। इस अवसर पर जीतू रघुवंशी, रतनसिंह, दरबार सिंह,राजा धाकड़, सतीश धाकड़, अंकित लाला, कुन्दन वर्मा, शुभम सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दलवीर सिंह आदि उपस्थित थे।


### श्री केदारेश्वर की शाही सवारी आज निकलेगी

**देवास।** आस्था और विश्वास का प्रतीक भगवान श्री केदारेश्वर की शाही सवारी इस वर्ष 18 अगस्त, सोमवार शाम 6 बजे से निकाली जाएगी। यह आयोजन हर साल भाद्रपद मास के दूसरे सोमवार को परंपरागत रूप से किया जाता है। श्री केदारेश्वर समिति के संयोजक शिवा चौधरी ने बताया कि शाही सवारी केदारेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर मीरा बावड़ी, तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, जनता बैंक, सुपर मार्केट, नया पुरा, जवाहर चौक, पुराना बस स्टैंड, तीन बत्ती चौराहा, लोहा बाजार और अलंकार मार्ग से होते हुए पुनः केदारेश्वर मंदिर पर आकर संपन्न होगी। यह शाही सवारी भगवान श्री केदारेश्वर के दर्शन का दुर्लभ अवसर प्रदान करती है और इसमें शहर भर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। समिति ने सभी धर्मप्रेमियों और नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर दर्शन करने का आग्रह किया है।

### मध्यरात्रि मंदिरों में गूंजा आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की

# कृष्ण जन्माष्टमी: राधा-कृष्ण मंदिरों में की गई विशेष सजावट

# उमंग, उल्लास व उत्साह के साथ मनाया कृष्ण जन्मोत्सव







### जिले भर में निकली शोभायात्रा, भगवान लड्डू गोपाल आकर्षक रथ में हुए सवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/चापड़ा/भौरासा

जिलेभर में अपार स्नेह और श्रद्धा के साथ शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कई शोभायात्रा निकाली गई। शहर के राधा कृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। शनिवार सुबह से ही धार्मिक आयोजन शुरू हो गए थे, जो रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय तक चलते रहेंगे। हर साल की तरह इस बार भी संस्था युवा राधे द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह परंपरा बीते 5 साल से लगातार जारी है। शोभायात्रा में भगवान लड्डू गोपाल को आकर्षक रथ में बैठाकर नगर के मुख्य रास्तों से निकाला गया। शोभायात्रा गवली मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सयाजी द्वार पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथ और प्रह्लाद-नरसिंह की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। अखाड़ों के कलाकारों ने मनमोहक करतब दिखाए। गवली समाज के साथ ही अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में देवास विधायक गायत्री राजे पवार, सभापति रवि जैन और विशाल रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव उमंग, उल्लास व उत्सव के साथ मनाया गया। खाटू श्याम जी का अलौकिक श्रृंगार चंदन, केसर, मोगरा, चमेली के फूलो से किया गया। 56 भोग खाटू बाबा को लगाया गया और पवित्र ज्योत में आहुति देकर श्याम प्रेमियों ने अपने आराध्य का आशीर्वाद लिया। रात 11.30 बजे से जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। नंद बाबा और यशोदा जी कन्हैया को लेकर जैसे ही मंदिर में पहुंचे, पुरा मंदिर प्रांगण श्याम मय हो गया। गायक हिमांशु विजयवर्गीय ने एक से बढक़र एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी—सुन सांवरे तेरे भरोसे मेरा परिवार रे... तीन बाबा के धारी... हारा हू बाबा... सुनो श्याम सुंदर क्षमा मांगता हूं—जिन पर श्याम भक्त खूब थिरके। अंत में श्याम प्रभु व सालासर बालाजी की महाआरती की गई और प्रसाद का वितरण हुआ।

### उत्साह के साथ मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**चापडा।** नगर के राम मंदिर पर शनिवार रात्रि को कृष्ण जन्म उत्सव नगर वासियों द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर में विराजित राम दरबार एवं राधा कृष्ण का आकर्षक श्रंगार किया गया। पंडित रमेश दास वैष्णव द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा का वाचन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर वासी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री यदुवीर अहीर व्यायाम शाला द्वारा नगर चल समारोह निकाला गया। जिसमें युवा करतब दिखाते हुए नजर आए। जगह-जगह पर बांधी गई मक्खन से भरी मटकिया फोड़ी गई। अखाड़े का बजरंग सेना जिला अध्यक्ष प्रतिक वैष्णव द्वारा स्वागत किया गया। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म के अवसर पर आतिशबाजी कर मंदिर पर उपस्थित सभी नगरवासियों ने भजनों पर घूमते हुए जन्म उत्सव मनाया। मंदिर पुजारी राजेश दास वैष्णव द्वारा पूजन किया गया। माखन मिश्री प्रसाद का वितरण मंदिर पुजारी राजेश दास वैष्णव की ओर किया गया। हाटपिपल्या मार्ग पर स्थित श्री कृष्णा मंदिर पर भी 40 फिट उंचाई पर बंधी मटकी की 21 हज़ार रुपए की बोली लेकर अजय यादव व्दारा मटकी फोड़ी गई, जिस पश्चात जन्मोत्सव मनाया गया। गिरधर शुक्ला ने बताया कि श्याम नगर में स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई साथ ही जन्मोत्सव के दौरान प्रसादी का वितरण हुआ। अमरपुरा,मोखाप्पिल्या, गुराडिया कला, इकलेरा सहित आसपास के सभी गांवों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

### आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की

**भौरासा।** नगर में श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर भगवान श्री कृष्ण के वंशज यादव अहीर समाज द्वारा सभी जगह जुलूस निकाला जाता है, इसी कड़ी में भौरासा नगर में यादव अहीर समाज द्वारा खेड़ा भौरासा से शाम 6:00 बजे जुलूस निकाला गया जिसमें युवाओं के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भगवान लड्डु गोपाल श्री कृष्ण के बाल स्वरूप को पालकी में विराजित कर पूरे नगर में जुलूस निकाला गया। आरती नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, यशवंत सिंह राजपूत, मनीष यादव, ओम पटेल, संजय यादव,सचिन यादव, राजेंद्र यादव,कमल सिंह यादव, अजय यादव, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, नवीन यादव, राय सिंह यादव, सजन यादव उस्ताद, मौसम माली, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, सहित अन्य समाजजनों ने भगवान श्री कृष्ण की आरती की, वही चल समारोह की शुरुवात की। चल समारोह यादव मोहल्ले,चौधरी पुरे से होता हुआ ठाकुर मोहल्ला से निकल कर बस स्टैंड होते हुए यादव मंदिर पहुंचा जहां रास्ते भर जुलूस का स्वागत अलग-अलग संगठनों द्वारा किया गया। रात्रि 12:00 बजे मंदिर पहुंच कर जुलूस का समापन हुआ। नगर के बड़े हनुमान चौक में मटकी फोड़ का अयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। इसी तरह बस स्टैंड सहित जगह जगह मटकी फोड़ का अयोजन भी किया गया। रात्रि 12:00 बजे सभी मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भव्य आरती के साथ भजन कीर्तन हुए एवं सभी मंदिरों में प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।







### भाजपा जिला अध्यक्ष सहित मातृ शक्तियों ने बनाई मिट्टी की गणेश प्रतिमा



**देवास।** उज्जैन रोड इटावा में चल रही मेरे गणेश मिट्टी के गणेश कार्यशाला पर भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महापौर रेखा वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही विशेष रूप से देवास नगर की मातृ शक्तियों ऋतु संवनेर, मनोरमा सोलंकी, वंदना पांडेय, विनीता व्यास, मधु शर्मा, उषा पुराणिक, संध्या आचार्य, वीणा महाजन, भूमिका शर्मा, विभा दुबे, प्रतिभा राजोरिया व अन्य कई मातृ शक्तियों ने विशेष रूप से उपस्थित होकर गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमा का निर्माण किया। सभी अतिथियों ने कार्यशाला का निरीक्षण कर सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी ली। भाजपा अध्यक्ष सेंधव ने 9 वर्ष से जारी कार्यक्रम की सराहना की, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि प्रकति का कर्ज चुकाने के प्रयास करने होंगे मिट्टी के गणेश की स्थापना से हम प्लास्टर ऑफ पेरिस से होने वाले प्रदूषण को रोक सकते है। पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष यादव कहा कि मिट्टी के गणेश की प्रतिमा पानी मे आसानी से गल जाती है ओर धार्मिक आस्था का मान भी बना रहता है। पूर्व महापौर रेखा वर्मा ने संयोजक ऋचा दुबे व आदित्य दुबे के 9 वर्षो के लगातार प्रयास को सराहा। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियो को संयोजक ऋचा दुबे व आदित्य दुबे द्वारा आभार स्वरूप मिट्टी की गणेश प्रतिमा भेंट की गई।

### रानी अवंतिका बाई लोधी की जयंती पर निकला विशाल चल समारोह




**भौंरासा।** नगर में लोधी समाज द्वारा शुक्रवार को रानी अवंतिका बाई लोधी की जयंती के अवसर पर नगर में भव्य विशाल जुलूस निकाला गया जिसमें भौरासा नगर के समस्त समाज बंधुओं के साथ- साथ आसपास के भी लोधी समाज के बंधु-बांधव शामिल हुए। यह जुलूस राम मंदिर लोधी समाज से शुरू होकर बस स्टैंड छोटे हनुमान चौक मालीपुरा होते हुए एमजी रोड से फिर राम मंदिर पहुंचा,जहां जुलूस का समापन हुआ। जुलूस का स्वागत रास्ते में जगह-जगह किया गया जिसमें मुख्य तौर पर नगर परिषद कार्यालय पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद सचिन यादव, राजेंद्र यादव, छोटू लाल लोधी, अफजल मंसूरी, बाबूलाल हेड़ा, बाबूलाल डोडिया, आराम सिंह कुमावत, मांगीलाल पटेल, मंडल महामंत्री संजय यादव, सरपंच सुमेर नागर, अर्जुन सेंधव, भागीरथ एमएलए सहित नगर के गणमान्य नागरिक व नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा परिषद के सामने जुलूस में चल रहे समाज के वरिष्ठ लोगों का दुपट्टा डालकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत मंचों में सभी मंचों से जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# अज्ञात बदमाशों ने मंदिर में मूर्तियों का किया खंडित

## घटना से क्षेत्र में आक्रोश, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




समीपस्थ ग्राम पोलाय में अज्ञात बदमाशो द्वारा रियासत कालीन श्रीराम मंदिर में घुस कर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एंव माता जानकी की मूर्तियां खंडित कर दी गई। बदमाशो ने तीनों प्रतिमाओं के अलग-अलग टुकड़े कर मंदिर में छोड़ दिया। जानकारी अनुसार ग्राम पोलाय में प्राचीन श्रीराम मंदिर गांव के अंतिम छोर पर स्थित है जिसमें श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम के दौरान शनिवार सुबह से ही श्रृद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन सुबह से ही देर रात 2 बजे तक मंदिर परिसर में चलता रहा। वर्तमान पुजारी कपिल वैष्णव ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे जब उसने मंदिर के पट खोले तब तक भगवान की मूर्तियां सुरक्षित थी। उसके बाद सुबह 6 बजे के आसपास श्रद्धालु रामेश्वर यादव मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए आए तब भी भगवान की मूर्तियां सुरक्षित थी, लेकिन जब मंदिर पुजारी सुबह 6:30 के आसपास आया तब मंदिर की मूर्तियां टूटी हुई और खंडित मिली। पुजारी ने इसकी सूचना मुख्य पुजारी कैलाश वैष्णव एवं ग्रामीणों को दी। इसके बाद सभी ग्रामीण एकत्रित होकर अज्ञात बदमाश के खिलाफ कमलापुर पुलिस को एक आवेदन देकर आए जिसमें थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर मौका-मुआयना करने मंदिर पहुंचे। थाना प्रभारी कमलापुर उपेंद्र नाहर ने बताया कि अज्ञात द्वारा मूर्तियां तोड़ने का आवेदन प्राप्त हुआ है। मैंने वहां जाकर स्थिति की जानकारी ली है पुलिस घटना की जांच की जा रही है।वही बागली तहसीलदार नीरज प्रजापति ने बताया कि श्री राम मंदिर पुजारी ने मोबाइल पर अज्ञात बदमाश द्वारा मंदिर में मूर्ति तोड़ने की सूचना दी है, मैंने पटवारी को मौके पर जाने का कहा है।

### हादसों के दौरान मदद करने वाले ग्रामीणों का पंचायत ने किया अभिनंदन

# स्वतंत्रता दिवस पर पंचायतों में सरपंच, सचिव ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा


इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम मोखाप्पिल्या की काली सिंध नदी पर आए दिन हादसे होते हैं। पुल पर वाहनों की भिड़ंत होने से जाम लगता है, तो कभी नदियों में वाहन गिर जाते हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीण जन बिना सोचे समझे मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उसी को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच जितेन्द्र सिंह दरबार द्वारा मदद करने वाले ग्रामीणों का राधा कृष्ण का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार ने बताया कि जब भी कोई नदी पर हादसा होता है तो यह सब लोग अपनी जान की परवाह न करते हुए, हर संभव मदद का प्रयास करते हैं, और कई लोगों की जान बचाते है। विगत दिनों दक्षिण भारत के चार व्यक्ति कार सहित नदी में गिर गए थे, उस दौरान भी इन्हीं लोगों ने बिना सोचे समझे पानी में छलांग लगाकर दो लोगों की जान बचाई थी। एक बार डंपर चालक को बाहर निकाल कर जान बचाई थी।उसी के चलते सभी का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अभिनंदन किया गया हैं। साथ ही पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर एवं पुलिस सहायता केंद्र चापडा प्रभारी राकेश नरवरिया का भी पंचायत कि ओर से अभिनंदन किया गया हैं।इस दौरान सरपंच जितेन्द्र सिंह दरबार, सचिव शोभाल भार्गव, सह सचिव मोहन जाट, भारत सिंह दरबार,जितेंद्र पाटीदार, राजाराम जाट, शिक्षक मायाराम जाट, बाबूलाल पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायतों में शान से लहराया तिरंगा



**चापडा।** ग्राम पंचायत कार्यालयों पर शुक्रवार के दिन स्वतंत्रता दिवस पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों पर ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत गुराडिया कला सरपंच अनीता मुकेश, उपसरपंच राजेंद्र पाटीदार, सचिन शोभाराम जाट, ग्राम पंचायत भमोरी सरपंच लक्ष्मीबाई, उप सरपंच इंद्रसिंह सेंधव,सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत मुकुंदगढ़ सरपंच नूरीबाई बामनिया, प्रतिनिधि राजू बामनिया, सचिव चन्दर सिंह चौहान, ग्राम पंचायत छतरपुरा सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार उप सरपंच योगेश पाटीदार,सचिव सागर चौहान, जनपद सदस्य आशिष पाटीदार, ग्राम पंचायत नयापुरा सरपंच मंजू मथानिया,सचिव दिनेश सिसौदिया, निर्मला हुकम कंठली,ग्राम पंचायत चारिया सरपंच संगीता सागर चौहान, ग्राम पंचायत अवल्दा सरपंच कांतिलाल बामनिया, उपसरपंच कुमेर सिंह सेंधवा, सचिव नितेश शर्मा, ग्राम पंचायत कमलापुर सरपंच कन्हैयालाल चौहान, सचिव ओमप्रकाश सारण, रवि चौहान ग्राम पंचायत बरझाई सरपंच रेखाबाई कर्मा, हरिसिंह कर्मा,मनोहर कर्मा , नवीन तंवर, ग्राम पंचायत भिलआमला सरपंच सुनिता मसानिया, उपसरपंच प्रेमसिंह डावर,बलराम मसानिया, हरनाथ सिंह राठौर, ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार, सचिव शोभालसिंह भार्गव, मोहन जाट, ग्राम पंचायत धावडिया सरपंच तेजसिंह ओसारी, सचिव गोविंद मोहरी, रामसिंह ओसारी, सेवा सहकारी संस्था चापडा शाखा प्रबंधक राजेश सिंह राजपूत, दिनेश पाटीदार, सेंट जॉन स्कूल चापड़ा फादर सोनी एंटनी, प्राचार्य अर्पिता, ग्राम पंचायत डिगोद सरपंच प्रेमबाई जाट, मोहन जाट,वासूदेव पाटीदार, पीएम श्री स्कूल कमलापुर प्राचार्य अनंत नागर, शासकीय कन्या हाईस्कूल बागली प्राचार्य वासूदेव जोशी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सभी स्कूलों व्दारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई।

# कार्यपालन यंत्री सिद्दीकी को पश्चिम क्षेत्र एमडी ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड इंदौर स्थित मुख्यालय पर एमडी अनूप कुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत एमडी सिंह ने कंपनी कार्मिकों के लिए दिए विशेष उद्बोधन में कहा कि विकास के लिए बिजली जरुरी है और बिजली वितरण के इस कार्य को हमारे कर्मचारी, अधिकारी बखूबी कर भी रहे हैं। कंपनी के जीएम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर कंपनी स्तरीय समारोह में विभिन्न विभागीय कार्य, उपभोक्ता सेवाओं, शासन कंपनी के लक्ष्यों की पूर्ति के श्रेष्ठ कार्य करने वाले 150 से ज्यादा कार्मिकों को एमडी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में देवास ग्रामीण कार्यपालन यंत्री मोहम्मद अनस सिद्दीकी को उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### प्रोजेक्ट नई किरण ने 2 परिवार का कराया पुनर्मिलन

**ललितपुर** । प्रोजेक्ट नई किरण के आयोजन सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 02 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 02 परिवार खुशी झ खुशी साथ झसाथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 06 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है । इस कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ. दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डॉ. एस.पी.पाठक, डॉ.संजीव शर्मा, एड.श्री अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी सिमरन आदि का विशेष सहयोग रहा ।

### जिलाध्यक्ष नदीम और महामंत्री सतीश मनोनीत

**ललितपुर**। उप्र जल संस्थान कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय महामंत्री राजेन्द्र यादव ने अवगत कराया है कि बीती 11 अगस्त को महासंघ की एक बैठक जल संस्थान की शाखा उरई (जालौन) में सम्पन्न हुयी। बैठक में सर्वसम्मति से झांसी, ललितपुर व उरई से जिला स्तर पर पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। प्रान्तीय कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष रणवीर सिंह सिसौदिया की संस्तुति पर जिले में अध्यक्ष पद के लिए नदीम खां व महामंत्री पद के लिए सतीश कुमार को मनोनीत किया गया है। महासंघ के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष नदीम खान ने कहा कि जल संस्थान के कर्मचारियों की समस्याओं को जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक उठाते हुये उनका निस्तारण कराया जायेगा। महामंत्री सतीश कुमार ने कहा कि जल संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों में आ रहीं समस्याओं के निस्तारण को लेकर वह तैयार रहेंगे। नदीम खान के अध्यक्ष व सतीश कुमार के महामंत्री पद पर मनोनीत होने पर उनके साथ कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों, उनके शुभचिन्तकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### दबंगों का कहर, सरेराह युवक को पीटा

**ललितपुर**। महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी मनोज जैन पुत्र निर्मल कुमार जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह गांव में खिलौने की दुकान लगाये हुये था, तभी गांव के प्रियांक शर्मा पुत्र केशवदास दुकान पर आये और गालियां देकर धमकाते हुये अपने घर चले गये। आरोप है कि वह अपने घर पहुंचा तो नीतू शर्मा पुत्र केशवदास व हर्ष शर्मा पुत्र नीतू शर्मा और प्रियांक शर्मा पुत्र केशवदास ने उसके साथ गालियां दी और घर की छत पर चढ़कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**ललितपुर**। मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत नौगांव निवासी सत्येन्द्र कुमार वर्मा पुत्र रमेशचंद्र वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 8 अगस्त को उसके बड़े भाई पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार जो कि ब्लाक जखौरा व हाल निवासी चांदमारी पर हीरो स्पलेण्डर मोटर साइकिल संख्या एम.पी.16 जेड.सी. 8735 से जा रहा था। तभी चार पहिया वाहन वाहन संख्या एम.पी.09 सी.डब्ल्यु. 2737 से पड़ौरिया बाग के सामने रोड पर भिड़न्त हो गयी। इससे उसका भाई गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़ित के अनुसार उसके भाई का उपचार झांसी में आईसीयू में इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर उक्त वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

---

बुंदेलखंड विकास सेना के आह्वान पर स्मार्ट मीटर के विरोध में 25 को ललितपुर बंद

# विद्युत प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी ब्लैकलिस्टेड है गोवा में: हरीश कपूर

**जबरन थोपकर उपभोक्ताओं की जेबों पर डाका डालने की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना की एक आवश्यक बैठक सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में ललितपुर शहर में बिजली विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 अगस्त को स्मार्ट मीटर के विरोध में आधे दिन के लिए बाजार बंद कराया जाये। उन्होंने सभी व्यापारी भाईयों से सहयोग और समर्थन की अपील की है। बु.विसेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाये जाने की मनमानी का गम्भीर असर आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है क्योंकि तेज गति से भाग रहे स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं की जेबों पर सरेआम डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी , सूखा , अतिवृष्टि और उद्योग शून्यता का दंश झेलना वाला बुन्देलखण्ड पहले से ही बदहाली के आंसू बहा रहा था अब और रही सही कसर ये स्मार्ट मीटर पूरा कर रहे हैं। जनपद में विद्युत विभाग द्वारा नियुक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी पहले से गोवा में ब्लैकलिस्टिड है । उक्त कंपनी ने विगत दिनों सर्वे पूरा करके ललितपुर शहर में अनेक स्थानों पर प्रीपेड मीटर आवासों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाने का काम शुरु कर दिया है । टेक्नीकली ब्लैकलिस्टिड उक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर कई गुना तेजी से भागते है जिस कारण जनता की जेबों पर भारी बोझ पड़ेगा । स्मार्ट मीटर शहर में हजारों जगह पर लग चुके हैं ।



उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी लगाये जा रहे प्रीपेड मीटर में भी यही शिकायत मिल रही है। प्रदेश के इस अति पिछड़े जिले पर यह जबरन थोपकर उपभोक्ताओं की जेबों पर डाका डालने की तैयारी की जा रही है जो कि सर्वथा अनुचित है । सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि उक्त जीनस कंपनी द्वारा प्रस्तावित प्रीपेड स्मार्ट मीटर मानकों के विपरीत हैं एवं उनकी मीटर रीडिंग का पहिया अत्यधिक तेज गति से घूमता है जिस कारण उपभोक्ता की जेबों पर भारी-भरकम बोझ पड़ेगा । अतः उक्त कंपनी के प्रीपेड मीटरों को तत्काल प्रभाव से रोके जाने और जांच कराये जाने की आवश्यकता है। बैठक में बुविसेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, कदीर खां, फूलचंद रजक राजकुमार कुशवाहा मुन्ना त्यागी, बी डी.चंदेल अमरसिंह बुन्देला प्रदीप साहू प्रेमशंकर गुप्ता विनोद साहू गफूरखां प्रदीप पंडितनंदराम कुशवाह सुधीर धानुक प्रमोद कुमार , आशाराम नगेले काशीराम राजीव साहू , कीप्रमोद , खुशाल बरार , रोहित कुमार जगदीश , पर्वत ,भैय्यन कुशवाहा , रवि रैकवार , राजाराम अहिरवार , हनुमत पहलवान , रामस्वरूप , जगदीश झा विनोद चन्देल साहिद अली भैय्यन कुशवाहा खुशाल बरार प्रदीप साहू कामता भट्ट , आदि मौजूद रहे ।

---

कसाई मंडी का सड़क पर था कब्जा

## दुकानें हटाई, मीट-मछली बाजार को टेल्को के पास जगह दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका प्रशासक उपजिलाधिकारी ने आदेश देकर अतिक्रमणकारियों को निर्देश दिए कि वह सड़क पर नगर पालिका की पटरी से स्वयं कब्जा हटा लें अन्यथा कि स्थिति में नगर पालिका सुधार अतिक्रमण हटाओ के अभियान के तहत अवैध दुकानों को हटा देगी जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार के निर्देशन में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद व पालिका टीम द्वारा अभियान चलाकर कसाई मण्डी में मास, मीट, मच्छी, अंडा का डिब्बा-खोखा, ठेला आदि रखकर व्यापार कर रहे अतिक्रमणकारियों को मौके से हटाया गया। अभियान के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा समस्त दुकानदारो को निर्देशित किया गया, इस दौरान टीम द्वारा अतिक्रमण किये हुए समस्त मास, मीट, मछली, अंडा आदि व्यवसायियों को वहां से हटाकर पालिका की पटरी को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार पुनः उक्त स्थल पर मास, मीट, मछली आदि का व्यवसाय करता पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध जुर्माना वसूली की कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट बेण्डर नीति के तहत समस्त दुकानदारो को शहर के बाहर दुकानें स्थापित किये जाने हेतु पालिका द्वारा टेल्को होटल के पास स्थान चिन्हित किया गया है, समस्त मास मीट दुकानदार शहर के बाहर ही मास, मीट, मछली आदि का व्यवसाय करेगें। इस दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा सड़क पटरी पर भैंस, बकरी आदि बांधकर अतिक्रमण किया गया था, उन्हें भी पालिका द्वारा तत्काल प्रभाव से हटाते हुए हिदायत दी गई। अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने अतिक्रमणकारियों से कहा कि पालिका द्वारा जो स्थान चिन्हित किया गया है वह उक्त स्थल पर ही व्यवस्थित करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, नजूल लिपिक सुधीर रावत, पुरूषोत्तम कुशवाहा, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, धीरेन्द्र घावरी सहित पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## रेलवे स्टेशन पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की लगाई प्रदर्शनी



**ललितपुर**। रेलवे बोर्ड नई दिल्ली एवं मुख्यालय प्रयागराज के निर्देशन में तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में रेलवे स्टेशन ललितपुर में समय 4 बजे से 6 तक विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें सभी विभाग के कर्मचारियों एवं यात्रियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में चलचित्रों के माध्यम से विभाजन विभिषिका के बारे में उप स्टेशन प्रबंधक शांतनु पुरोहित द्वारा चलचित्रों के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई एवं स्टेशन पर लगाई गई। प्रदर्शनी के अवलोकन में परिवहन निरीक्षक पीयूष प्रसाद, मुख्य कल्याण निरिक्षक झांसी अजय मीना, उप स्टेशन प्रबंधक शांतनु पुरोहित, कार्यालय अधीक्षक/कार्मिक सर्वेश दीक्षित, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/टीआरडी सागर अग्निहोत्री, मुख्य टिकिट निरीक्षक संजय सोनकर, सीसीटीसी कुमारी आकांक्षा पाराशर, सीनियर सीसीटीसी अभिजीत शुक्ला, जेई टेलीकॉम संजय मोदी, शिव शंकर सैनी, प्रभात कुमार, जगदीश प्रसाद उपस्थित रहे।

---

केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ, में विभीषिका स्मृति दिवस मनाया

# भविष्य की पीढ़िया इस विभाजन की भारी मानवीय कीमत को कभी न भूलें: सुडेले



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

केपीएस पीजी कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार एवं उच्च शिक्षा विभाग के अनुपालन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमें अपनी मातृभूमि के उन परिवारों को नमन किया गया। जिन्हें भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारजनों के प्राण न्योछावर करने पड़े। कार्यक्रम का शुभारम्भकॉलेज की डायरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई या विस्थापित हुये। स्वतंत्र भारत का जन्म एक त्रासदीपूर्ण विभाजन के साथ हुआ जिसने अनगिनत लोगों और परिवारों पर गहरे और स्थायी घाव छोड़ दिये। उन्होंने आगे कहा कि इस दर्द और पीड़ा को याद करके हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य की पीढ़िया इस विभाजन की भारी मानवीय कीमत को कभी न भूलें। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि भारत के विभाजन ने इतिहास के सबसे बड़े और सबसे दुखद मानवीय प्रवासन में से एक को जन्म दिया। यह मूलरूप से मानव विस्थापन और जबरन पलायन की कहानी है, जो आस्था और धर्म पर आधारित एक हिंसक विभाजन से प्रेरित थी। आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के बाद मनाया गया। यह दिन भारतीयों को सामाजिक विभाजन और वैमनस्य को दूर करने और एकता सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तीकरण की भावना को और मजबूत करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित आदि का सहयोग रहा।

---

## युवक ने लगाया फाइनेंस कंपनी पर वेतन और खर्चे न देने का आरोप

**ललितपुर**। महरौनी कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने झाँसी की एक फाइनेंस कम्पनी के संचालकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित कुलभूषण उर्फ रानू झां निवासी ललितपुर रोड महरौनी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह जेएमएस एसोशिएट फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड (चेंबर नं.-48 मलतिपुंज कॉम्प्लेक्स, एलाईट चौराहा, झाँसी) में काम करता था। कंपनी के संचालक राजीव शर्मा, अजय राय व ऋषभ भट्ट ने सितंबर 2024 से मई 2025 तक बिना वेतन दिए उससे काम लिया। युवक का आरोप है कि उसे रोजाना फील्ड में मोटरसाइकिल और पेट्रोल का खर्च स्वयं उठाना पड़ता था। वेतन और अन्य देनदारियां करीब दो लाख रुपये हो चुकी थीं, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। 15 मई 2025 को जब पीड़ित ने 36 हजार रुपये कलेक्शन कंपनी संचालक राजीव शर्मा को दिए और अपना हिसाब मांगा तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद 17 मई को उसकी कंपनी आईडी बंद कर दी गई और नौकरी से बाहर कर दिया गया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसके बाद आरोपी कंपनी के लोग पीड़ित के घर पहुँचकर उसकी पत्नी को गालियां देने लगे। झूठे मुकदमों में फँसाने और जान से मारने की धमकी दी, दबाव बनाकर उससे कई किस्त के पैसे वगैरह भी ऐंठ लिए, लेकिन उसकी कोई रसीद नहीं दी। पीड़ित के अनुसार, जब उसने कई बार वेतन और भुगतान की मांग की तो उल्टा आरोपी लोगों ने थाने में झूठा आवेदन देकर दबाव बनाने का प्रयास किया। इस मामले में महरौनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जाँच अधिकारी उपनिरीक्षक महेश चंद्र को विवेचना सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि थाना प्रभारी महरौनी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना शुरू हो गई है।

---

स्वतंत्रता दिवस पर दो दिवसीय हुई प्रतियोगिता

## बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न, विजयी खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत



**ललितपुर**। स्वतंत्रता दिवस पर स्थानीय स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ी बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली एवं 14 व 15 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के लगभग 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि शायर करीम असर, शायर जहीर ललितपुरी, दिनेश श्रीवास्तव, अनवर अंसारी, सुरभि पटेल सीनियर बैडमिंटन हॉकी खिलाड़ी एवं बच्चों के अभिभावक गृह मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा और स्वतंत्रता दिवस पर्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बच्चों को देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के बारे में बताया बैडमिंटन प्रतियोगिता के मैच दोनों दिन संपन्न हुए। अकादमी में पहली बार स्व जूनियर, जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग के बच्चों की लकी डबल्स की प्रतियोगिता हुई, जिसमें खिलाड़ी बच्चों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि लकी डबल्स की जब जोड़ी तैयार हुई उसमें सभी बच्चों के नाम की पर्ची एक साथ इकठ्ठा कर उन सब में से एक साथ दो-दो पर्चियां उठा कर उनकी लकी डबल्स की जोड़ी बनाई गई और बच्चों को पहली बार बनी जोड़ी से मैचों को खेलना पड़ा, नए खिलाड़ी के साथ खेलने का अवसर मिला और उन्होंने आपस में तालमेल बना कर अपना अच्छा प्रदर्शन करते हुए इन प्रतियोगिताओं को जीता है। इससे जहां बच्चों को भी एक नया अनुभव हुआ वहीं उन्हें खेलने में भी आनंद आया है। प्रतियोगिता में सब जूनियर/जूनियर बालक वर्ग की लकी डबल जोड़ी शान उल्लाह व अरनभ श्रीवास्तव ने पहला स्थान, समिक बरेया व आदी योगी शर्मा की जोड़ी ने दूसरा स्थान, अभ्युदय शर्मा व आरव वर्मा की जोड़ी ने तीसरा स्थान और उदित सोनी व रिदित सलूजा की जोड़ी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग की लकी डवल जोड़ी में अभिनव वर्मा व आराध्य अग्रवाल विजेता रहे और श्रेयश जैन व ओजस्व वैद्य उपविजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग की लकी डबल्स जोड़ी में आनायशा नुना व सौम्या राठौर की जोड़ी विजेता और आरना जैन व माही राठौर की जोड़ी उप विजेता रही, ख्वाहिश व तानी साहू की जोड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया एवं संस्कृति व शिवान्या की जोड़ी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में अर्शिका खान व आंशी चौरसिया की लकी डबल्स जोड़ी विजेता रही और अहल जहीर व राजस्मिता परमार की जोड़ी उप विजेता रही, इलमा खान व प्रांजल सोनी की जोड़ी ने तीसरा स्थान और महक व मिनी की जोड़ी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को अतिथिगणों ने मेडल पहनाकर, पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व नेशनल खिलाड़ी सुरभि पटेल, जो कि इस वर्ष एलएनआईपी ग्वालियर/ हैदराबाद में एन एस आई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है, उनको भी सम्मानित किया गया और निर्णायकों की भूमिका में प्रांजल सोनी, आंशी चौरसिया व अहल अहीर को ऑफिशियल निर्णायक एवं अर्शिका खान व अभिनव वर्मा को सहयोगी निर्णायक के पुरस्कार दिए गए। घोषणा की कि माह अगस्त के अंत में 29 अगस्त को खेल दिवस ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष में समय-समय पर उत्कृष्ट खेलों का प्रदर्शन करने और अवार्ड जीतने वाले अकादमी के बच्चों का विशेष सम्मान किया जाएगा।

---

## मारपीट कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप

ललितपुर।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला गोविन्द नगर कालोनी में रहने वाले राजा सहरिया पुत्र परसादी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को सुबह 11 बजे वह ढुरा बाजार में बाल कटवा रहा था। तभी उसका दोस्त गजेन्द्र पुत्र विशाल के साथ दुकान से बाहर आ गया। इसी दौरान चण्डी मंदिर के पीछे नई बस्ती निवासी अजय परमार व विजय परमार पुत्रगण कुन्जन सिंह ने उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर आकर बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण, निकाली तिरंगा यात्रा

# हम सबको मिलजुल कर रहते हुए अच्छे कामों में आगे बढ़ना है: चौहान



**ललितपुर**। बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब के पनारी स्थित कार्यालय पर नेहरू महाविद्यालय के सहायक आचार्य डा.शैलेन्द्र सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि हमें उन वीर शहीदों और उनके जज्बातों को याद करना चाहिए, जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान कुर्बान कर दी। आजादी की लड़ाई में हमारे बुजुर्गों ने सिर्फ एक सीना नहीं, बल्कि हजारों सीने गोलियों के सामने कर दिए। गोलियां कम पड़ गईं, लेकिन उनके हौसले और जज्बे कभी कम नहीं पड़े। जब हम उन लम्हों को याद करते हैं तो ऐसे वीर सपूतों के लिए हमारी आंखें नम हो जाती हैं और गर्व भी महसूस होता है कि हम ऐसे बहादुर पूर्वजों की संतान हैं, जिन्होंने अपनी जान हथेली पर रखकर इस मिट्टी के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। आज के दिन मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हम सबको मिलजुल कर रहना है, अच्छे कामों में आगे बढन्ना है और एक दूसरे का सहारा बनना है। यही असली एकता है, यही असली आजादी है। संरक्षक जाकिर राज चैहान ने कहा कि हमें बड़ी कुबानियों के बाद ये आजादी मिली है। इस आजादी को हमें अपने बच्चों को बताना होगा कि यह आजादी कितनी बड़ी कुर्बानियों से मिली है। 15 अगस्त सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि देश, एकता और इंसानियत की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। जहीर ललितपुरी ने नज्म पढ़ते हुए कहा कि मेरा जमीन व आसमां हिन्दोस्तान है, लख्ते जिगर और जानेजा हिन्दोस्तान है, सूरज सितारे चांद से इंसान है यहां, लगता है जैसे कहकशां हिन्दोस्तान है। संचालन जहीर ललितपुरी ने किया एवं अंत में संरक्षक जाकिर राज चैहान एवं फहीम बख्श ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसके बाद मिष्ठान वितरण किया गया। बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. एवं टीम हथौड़ा के संयुक्त तत्वावधान में इमाम चैक नदीपुरा से घण्टाघर, तुवन चैराहे से बाबा सदनशाह तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सभी लोग हाथ में तिरंगा लेकर चल रहे थे। लोगों ने हर्ष उल्लास के साथ देशभक्ति के नारे लगाये गये। इस मौके पर संरक्षक जाकिर राज चैहान, फहीम बख्श, जहीर ललितपुरी, ताहिर खान, नाजिर बेग, फहीम बख्श आदि मौजूद रहे।

## अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन



**सेमरी हरचंद।** माखन नगर रोड के लव कुश मंदिर में कुशवाहा समाज संगठन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम अनुसार 16 अगस्त से जारी रामचरितमानस के अखंडपाठ के साथ श्री शिव शक्ति रामायण मंडल एवं श्री महावीर पारायण मंडल द्वारा पहले रामचरितमानस का अखंड पाठ होगा तदुपरांत 17 अगस्त को हवन आरती पश्चात भंडारा पसादी कर रामायण एवं पारायण मंडल की शांति होगी।

## भाजपा ने ठाकरे व अटलजी को याद किया

**इटारसी।** भाजपा नगर मंडल इटारसी के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने दोनों महान विभूतियों के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे, सौरभ मेहरा, उपाध्यक्ष उपनिषद दुबे आदि मौजूद रहे।

### हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, जगह-जगह हुए ध्वजारोहण

# सामूहिक आयोजन में ध्वजारोहण उपरांत पहुंची मेजबान एसडीएम

स्वतंत्रता दिवस पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं नगर के सामूहिक समारोह में ध्वजारोहण सुबह नौ बजे किया गया।







हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में स्वतंत्रता दिवस पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। नए बस स्टैंड पर आयोजित सामूहिक आयोजन में नपाध्यक्ष लता पटेल की उपस्थिति में जपं अध्यक्ष जालम सिंह ने ध्वजारोहण किया। आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

सामूहिक आयोजन के पहले नप कार्यालय में नपाध्यक्ष लता पटेल ने ध्वजारोहण किया। सेंट पैट्रिक स्कूल में प्राचार्य फादर दिलीप मिंज, सरस्वती शिशु मंदिर में आरवी जायसवाल, पं. जेएलएन स्मृति कॉलेज सोहागपुर में कन्नूलाल अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। एसटीआर एडी अंकित जामोद, रेंजरद्वय राहुल उपाध्याय व सुमित पांडे, एसएडीओ एसके बर्डे, टीआई ऊषा मरावी ने अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण किया। क्षेत्रवासियों को भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, युमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, प्रवीण साहू समाजसेवी, डॉ. ज़ोएब अली, शरद दुबे शोभापुर, पर्यावरण संस्था डायरेक्टर गोलू अग्रवाल, नीरज रघुवंशी, सौरभ संतोष सोनी, डॉ. तुषार अग्रवाल, डॉ. सोनल अग्रवाल, ऋषभ दीक्षित, प्रमोद रघुवंशी, पटवारी विक्रम परते व नागेश निवारिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, सरपंचों बड़ीबाई, सुरेश कुशवाहा, खुशबू रघुवंशी, अशोक ब्रह्मवंशी ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है।

### मेहमान समय पर, मेजबान लेटलतीफ

नगर के सामूहिक समारोह में ध्वजारोहण सुबह नौ बजे किया गया। लेकिन मेजबान एसडीएम प्रियंका भल्लावी सात मिनट बाद पहुंचीं। मीडिया द्वारा सवाल पर उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय में ध्वजारोहण कर वे सेमरी मंडी में बतौर भारसाधक अधिकारी ध्वजारोहण करने के लिए गई। तथा अत्यधिक ट्रैफिक के कारण वे समय पर सामूहिक आयोजन स्थल नहीं पहुंच सकी। भल्लावी ने अतिथियों के समक्ष खेद भी व्यक्त किया। नागरिकों के अनुसार भल्लावी मैडम से पहले के मेजबान एसडीएम सेमरी मंडी व अपने कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए भी सामूहिक आयोजन स्थल तक समय पर पहुंच जाते थे। जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता दिवस के सरकारी कार्यक्रम में मेजबान की देर से आमद पर नाखुशी व्यक्त की है।

# शिकायत के 4 दिन बाद भी नहीं हुई मूंग खरीदी की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने 4 दिन पूर्व विधायक ठाकुरदास नागवंशी सांसद दर्शन सिंह चौधरी अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी क्रषि विभाग कलेक्टर कार्यालय एवं संबंधित अधिकारियों को चार दिन पूर्व सेवा सहकारी समिति सांडिया के दारा इंद्रेश वेयरहाउस में मूंग कीखरीदी की गई थी। जिसमें जनपद पंचायत उपाध्यक्ष की मूंग वापस कराई गई है। खरीदी नहीं ना तुलाई हुई है।

इस बात को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को शिकायत की थीलेकिन आज 5 दिन बाद भी अधिकारियों के द्वारा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया गया ना कोई जांच की गई। शासनके नियमकेखरीदी के बाद वेयरहाउस में ताला लग जाता है। पर गत गुरूवार को पाया गया वेयरहाउस खुला था।इस तरह से अधिकारी वर्ग की मिली भगत से ही ऐसा किया गया है। जबकि सर्वेयर १०००रूपे पर कुंतल ले रहाथा। उसके बाद खरीदीकी जा रही थी। उनसे भी पैसेकी मांग कीथी।पर नहीं दिया गया तो इंद्रेश भैरव की संचालक धर्मेंद्र पटेल केद्वारा सरवेयर के नाम पर मुंह वापस कर दी गई। किसानका पंजीयन भी समाप्तहो गया स्लाइड कीबुक की तारीख भीनिकल गई और मूंग की खरीदी नहीं होपाई है। अब जनपद उपाध्यक्ष का कहना है यदि सोमवार तक अधिकारियों के द्वारा निर्णय नहीं किया गया तो वह जनपद अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे तथा इंद्रेश वेयरहाउस की एक-एक बोरी की जांच कराएंगे उसमें जो भी खर्च होगा वह भुगतान करेंगे। इस बारे में अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने उच्च अधिकारियोंको शिकायत भेजी थी है। वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारीनिररली आर्य का कहना है शिकायत अनुविभागीय अधिकारी को की है जैसे निर्देश अनुसार काम करेंगे।

## विभिन्न संगठनों ने की भारत माता की आरती

**इटारसी।** राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की समस्त पदाधिकारियों, विश्व हिंदू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी मातृ शक्तियो की समस्त पदाधिकारी बहनों एवं सदस्यों ने मिलकर भारत माता चौराहा पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मां भारत माता की महाआरती की। साथ ही देशभक्ति के गीत गाकर समस्त मातृशक्ति ने एकता और अखंडता का परिचय दिया। इस तरह स्वतंत्रता दिवस को मनाया एवं सनातनी धर्म के समस्त त्योहारों को इसी तरह अपने छोटे-छोटे प्रयासों से विश्व हिंदी परिषद की मातृ शक्ति एवं राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की मातृशक्ति हिंदुत्व को जागरूक करने का प्रयास करती आ रही है।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री कृष्ण जन्मोत्सव माखन नगर में यादव यदुवंशी समाज के तत्वाधान में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें माखन नगर एवं इसके आसपास के गांव गांव से लोग हजारों की संख्या में आकर शोभायात्रा में शामिल हुए। यदुवंशियों द्वारा अपने-अपने ट्रैक्टर ट्रालियों में भगवान के अनेकों रूपों की झांकी बनाई गई एवं इस शोभायात्रा में सबसे आकर्षण का केंद्र भारत माता की झांकी रहीऔर इस विशाल शोभायात्रा में जगह-जगह पर कई संस्थाओं संगठनों द्वारा स्वल्पाहार एवं जलपान और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया शोभा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह कांग्रेस नेता पुष्पराज सिंह पटेल सहित अन्य लोग शामिल हुए सांप्रदायिक सोहद्र का परिचय देते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने यदुवंशियों को गले में राधे राधे का दुपट्टा डालकर एवं भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया इस शोभा यात्रा में सर्व समाज के लोग शामिल हुए समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ ने शोभायात्रा में कृष्ण जन्मोत्सव पर ढोल नगाड़े डीजे की थप पर नाच कर झूमते हुए उत्साहित दिखाई दे रहे थे।

# शासकीय स्कूलों में बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शासनके आदेश अनुसार सभी शासकीय विद्यालयों में जन्म अष्टमी की त्योहार मनाया गया। संदीपनी विद्यालयमे में प्राचार्य संजीव दुबे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केप्राचार्य अरविंद रघुवंशी विनय मोहन शर्मा प्राचार्य साडियां बीआरसी प्रदीप शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी के द्वारा सभी सरकारी स्कूलोंमें में भगवान कृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। संदीपनी विद्यालयमे में मनाया गया। तथा वल्लभ सुखदायक मंदिर में २ दिवसीय जन्माष्टमी के कार्यक्रम को मनाया गया। पहले



दिनधवाजारोहणकर शोभायात्रा निकाली गई जगह जगह स्वागत सम्मान किया गया। सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना किया गया। रविवार को नंद महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं। पहले ही दिन पंचाम्रत दर्शन सहित अन्य सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम बाहरपुर के सरस्वती शिशु मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े हर्ष उल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया जिसमें दीप प्रज्वलन पश्चात कार्यक्रम काशुभारंभ किया गयाश्री कृष्ण जन्मोत्सवके उपलक्ष में रंगारंग कार्यक्रम किए गए भगवानश्री कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम किए गए।

भगवान श्रीी कृष्णा कीी आकर्षकझांकियां सजाई गई एवं एभग्रा मटकीीफोड प्रतियोगिता का आयोजन कियाा गया एवं भजन मंडल बाहरपुर द्वारा भगवानके सुंदर



भजनों की सुंदर प्ररस्तुति पश्चात प्रसादी वितरण उपरांत कार्यक्रम संपन्नन हुआ कार्यक्रम में मुख्यअतिथि नव ग्राम भारतीी के जिला प्रमुख महेंद्र प्रताप सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय, , अनिमेश तिवारी, पूर्व सरपंच लच्छीरा कुशवाह, नीरज दीक्षित, कोमल सिंह चौधरी हरिओम कशवाहा एवं ग्राम के सरपंच श्री मति ममता कुशवाहा जी विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य दीदी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व, सजाई झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में एसडीएम प्रियंका भल्लावी व विशिष्ट अतिथि रूप में नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल, समाजसेवी कैलाश यादव तथा अधिवक्ता देवांशु शर्मा उपस्थित थे।

अतिथियों का परिचय जीवन दुबे ने कराया तथा सभी का स्वागत प्रदीप देवलिया एवं संजय बानवंशी ने किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने उद्बोधन में सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी एवं जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के उद्घोष लगवाए। एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिरों में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। इसके पश्चात श्री कृष्ण स्वरूपों ने मटकी फोड़ स्पर्धा में सहभागिता की। विद्यालय में सज्जित श्री कृष्ण स्वरूपों की झांकियों का अतिथियों व अभिभावकों ने अवलोकन किया।

इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल, उपाध्यक्ष राजाभैया पटेल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, सौरभ सोनी, लज्जा सिंगारे, विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार दुबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष राजा भैया पटेल द्वारा किया गया।

# गुड्डन पांडेय की पुनः कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर हुई ताजपोशी

### भाजपा-कांग्रेस दोनों की कमान ब्राह्मण हाथों में, अब बदलेंगे चुनावी समीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मप्र कांग्रेस ने शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बहुप्रतीक्षित सूची कर दी। इटारसी निवासी कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता, कद्दावर नेता, जनता के बीच लोकप्रिय शिवाकांत गुड्डन पांडेय के सिर पुनः जिलाध्यक्ष की ताजपोशी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि पहली बार जब श्री पांडेय जिला अध्यक्ष पद पर काबिज हुये थे, उसके बाद से जिले कांग्रेसियों में एक जोश दिखाई देने लगा था। उन्होंने स्वयं जिले के हर गांव और हर शहर में पहुंचकर रूठे कांग्रेसियों से संपर्क साधकर उन्हें वापस कांग्रेस में नई ऊर्जा के साथ जोड़ा था। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओ का आशीर्वाद एवं युवाओं के दिलों में जगह श्री पांडेय को प्राप्त हुई है। संभवतः इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए कांग्रेस ने दोबारा जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय को नियुक्त किया है।

नियुक्ति के बाद हरिभूमि से बात करते हुए शिवाकांत पांडेय ने कहा कि सभी कांग्रेसियों को साथ लेकर आगामी नगरपालिका, नगर परिसर, ग्राम पंचायत, विधानसभा ओर लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ काम करेंगे। क्योंकि कांग्रेस ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष को पार्षद चुनाव में टिकिट बाटने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सबका साथ लेकर हम जिले में अच्छी मज़बूत कांग्रेस को आगामी दिनों में खड़ा करेंगे।



### कांग्रेस और भाजपा ने ब्राह्मण चेहरे पर जताया भरोसा

जिले की राजनीति में इस समय जातीय समीकरणों को लेकर नई हलचल देखी जा रही है। कांग्रेस और भाजपा - दोनों ही दलों ने अपने जिला नेतृत्व की बागडोर ब्राह्मण नेताओं को सौंपकर बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। जहां भाजपा ने प्रीति शुक्ला तो कांग्रेस में शिवाकांत पांडेय को जिलाध्यक्ष बनाकर ब्राह्मण वर्सेज ब्राह्मण कर दिया है। दोनों राजनीतिक दलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले चुनावों में ब्राह्मण मतदाताओं को साधना दोनों दलों की प्राथमिकता होगी।

कांग्रेस ने गुड्डन पांडे को जिला अध्यक्ष बनाकर संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जातीय समीकरणों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। पांडेय लंबे समय से पार्टी में सक्रिय और जमीनी नेता माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के साथ-साथ ब्राह्मण समाज की भागीदारी बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है।

### कार्यकारिणी पर टिकी निगाहें

अब जिले की राजनीति में सबकी निगाहें दोनों दलों की कार्यकारिणी पर टिकी हैं। भाजपा ने नगर मंडलों में पहले ही कई स्थानों पर कुर्मी समाज के नेताओं को अध्यक्ष बनाकर जातीय संतुलन साधने की कोशिश की है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ज़िला कार्यकारिणी में राजपूत समाज को भी अहम पद मिल सकते हैं, ताकि हर वर्ग को संतुलित प्रतिनिधित्व दिया जा सके। वहीं कांग्रेस से भी यही उम्मीद की जा रही है कि गुड्डन पांडेय अपनी कार्यकारिणी में किस तरह से समाजों को तवज्जो देते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस किन-किन चेहरों को और किस तरह से तेज़ी से ज़िम्मेदारी देकर संगठन को धार देती है।

### नियुक्ति से राजनीतिक संदेश

विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जिला अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण नेताओं की नियुक्ति कर साफ संदेश दिया है कि अब जिले की राजनीति केवल कुर्मी और राजपूत वर्चस्व तक सीमित नहीं रहेगी। ब्राह्मण समाज को भी निर्णायक भूमिका देने की तैयारी है।

### आगे का परिदृश्य

आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों दलों की यह रणनीति किस हद तक सफल होती है। ज़िले में ब्राह्मण नेतृत्व को मिली नई भूमिका और कार्यकारिणियों की संरचना चुनावी समीकरणों को किस तरह प्रभावित करती है, इस पर सबकी नज़रें टिकी रहेंगी।

### शासकीय और निजी स्कूलों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों ने भी किया ध्वजारोहण

# नर्मदांचल में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर एवं ग्रामीण के सभी शासकीय विभागोंमे असाकीय कार्यालयों में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में मैं भी स्वतंत्रतादिवस मनाया गया। सार्वजनिक कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्य रूप ध्वजारोहण जनपद पंचायत अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी अरविंद राय पवन वालिया मीसाबंदी अनंत राम



साहु वीरेंद्र दुबेदी को सम्मानित किया गया सहित अन्य सभी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालक पी एन दुबे कैलाश सराठे ने किया विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी संदीपने विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केप्राचार्य अरविंद रघुवंशी विनय मोहन शर्मा प्राचार्य साडियां बीआरसी प्रदीप शर्मा सांदीपनि विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे सहित सभी शिक्षा अधिकारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री संदेश का वाचन किया गया।मंगलवारा चौराहे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। तथा संदीपनी विद्यालयमे में प्राचार्य संजीव दुबे ने ध्वजारोहण किया गया। पचमढ़ी रोड पर स्थित सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल के संचालक आनंद प्रकाश शर्माकी उपस्थिति में राधारानी ने ध्वजारोहण किया। सर्वोदय विद्यापीठ में मुख्य अतिथि राधारानी राठौर आनंद प्रकाश शर्मा ने 15 अगसत कोलेकर बच्चों को आध्यात्मिक का महत्त्व बताया। राठौर ने शिक्षा प्रोत्साहन राशि की घोषणा की।

## शान से लहराया तिरंगा



**माखन नगर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर माखन नगर में धूमधाम और उत्साह से तिरंगा जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने तिरंगा लहराया गया स्कूली बच्चों ने रैली निकाली सभी स्कूलों के बच्चे मॉडल स्कूल पहुंचे जहां मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे ने ध्वजारोहण किया नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर वासियों को शुभकामनाएं दी। नगर परिषद कार्यालय एवं माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा स्थल पर नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष पार्षद गण एवं गणमान्य नागरिक प्रशासनिक अधिकारी सी एम ओ जीएस राजपूत सी ई ओ रजनीश ताराम टी आई मदनलाल पवार शासकीय स्कूलों शिक्षक शिक्षिका विद्यार्थी शामिल हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव का संदेश प्रोजेक्टर से दिखाया गया इस अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारी एवं तिरंगा यात्रा में सुंदर आकर्षक झांकी तैयार करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया नगर के सभी शासकीय कार्यालय जनपद तहसील पुलिस थाना स्वास्थ्य विभाग उप मंडी सहकारी समिति शासकीय स्कूल एवं प्राइवेट संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया।

# ट्रैक्टर पर तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस ने शहर में तेज आवाज से साउंड सिस्टम बजा रहे ट्रैक्टर पर कार्रवाई की। थाने की टीम ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ चालान बनाया और वहां लगे साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया। पुलिस की इस सख्ती से शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

अधिकारियों का कहना है कि ऐसे कदम से अनावश्यक शोर गुल पर प्रभावी रोक लगेगी और आम जनता को राहत मिलेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि धार्मिक या सामाजिक आयोजनों में निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक साउंड



सिस्टम का उपयोग न करें।